न्यायालय उपखण्ड अधिकारी (एसडीओ) बालोतरा
पीठासीन अधिकारी श्री विवेक व्यास आर.ए.एस.

राजस्व आवेदन न0 309/2021

प्रार्थी :– राजस्थान सरकार जरिये भूमिधारक तहसीलदार पचपदरा

बनाम

विप्रार्थीगण :– ग्राम पंचायत खनौडा, बक्से खां, सुभान खां, इबे खां, मुसे खां, पि. मुरीद समेखां, रहिम खां, पि. बच्चू खां,मु.ठुगी बेवा बचू खां, मु. सरीफा बेवा नेकू खां, बरगतखां, अदरीम खां पि. आकुखा जाति मुसलमान निवासी खनौडा।

प्रार्थना पत्र धारा 130, 131, 136 भू–राजस्व अधिनियम सपठित नियम 59, 60, 66, 86 भू–अभिलेख नियम 1970

उपस्थिति :–
1. प्रार्थी, तहसीलदार पचपदरा
2. विप्रार्थीगण, एकतरफा ।

आदेश — दिनांक :– 26.05.2023

प्रार्थी राजस्थान राज्य जरिये तहसीलदार पचपदरा ने प्रार्थना पत्र अन्तर्गत धारा 130,131,136 भू– राजस्व अधिनियम सपठित नियम 60 भू अभिलेख नियम 1970 के तहत प्रस्तुत प्रार्थना–पत्र के संक्षेप्त में तथ्य इस प्रकार हैं कि राज्य सरकार के आदेश कमांक प3(2)राज–6/2003/पार्ट/04 जयपुर दिनांक 10.8.2016 के द्वारा राजकीय भूमि/खातेदारी भूमि मे वर्तमान मे चल रहे, बारहमासी रास्ते/ ग्रेवल सडक/ डामर सडक जो राजस्व रेकर्ड मे रास्ते /सडक के रूप मे अभिलिखित नही है, उसको रास्ते के रूप में दर्ज करने के निर्देश प्रदान किये गये है के क्रमः मे प्रस्तुत कर ग्राम **रमजान नगर व खनौडा, पटवार हल्का खनौडा, भू.अ.निरीक्षक बडनावा** [illegible] ग्रेवल सड़क /डामर सड़क / बारहमासी रास्ता (जो भी लागू हो)प्रस्तावित रास्ता [illegible] मजानियों की ढाणी से तेजू खां की ढाणी सरहद तक बारहमासी रास्ते /ग्रेवल सडक/ डामर सडक चल रहा है।

Signature Not Verified
Digitally signed by Vivek Vyas
Date: 2023.05.31 21:30:00 IST
Reason: SelfAttested

(हस्ताक्षर) 26.5.2023
उप खण्ड अधिकारी
(S.D.O.) बालोतरा

लगातार...........

उक्त बारहमासी रास्ते/ ग्रेवल सडक/ डामर सडक जो राजस्व रेकर्ड मे रास्ते /सडक रास्ता ग्राम **रमजान नगर व खनौडा, पटवार हल्का खनौडा, भू.अ.निरीक्षक बडनावा** के खसरा संख्या 5 व 20 रकबा 1–09 बीघा भूमि में चल रहा है को प्रार्थना पत्र के संलग्न परिशिष्ट 'अ' व नक्शा परिशिष्ट ''ब'' अनुसार **ग्राम रमजानियो की ढाणी से तेजू खां की ढाणी सरहद तक बारहमासी रास्ते /ग्रेवल सडक/ डामर सडक** रास्ता को सम्बन्धित खातेदारो की खातेदारी से परिशिष्ट ''अ'' में वर्णित विवरण अनुसार प्रार्थना पत्र स्वीकार करने का निवेदन किया गया।

प्रार्थी का प्रार्थना पत्र दर्ज रजिस्टर कर विप्रार्थी को जरिये नोटिस तलब किया गया। विप्रार्थीगण बावजूद सूचना के अनुपस्थित रहने से उक्त के विरूद्व एकपक्षीय कार्यवाही अमल मे लाई गई । प्रार्थी से मौके की विस्तृत रिपोर्ट तलब की गयी जिस पर पत्र कमाक/ भू.अ/ 2023/ 1597 दिनांक 25.5.2023 द्वारा प्राप्त रिपोर्ट के संलग्न मौका फर्द अनुसार प्रकरण मे दिनांक 20.3.2023 को हल्का पटवारी, हमराह सरपंच ग्राम पंचायत खनौडा के साथ मौके पर पहुचे खनौडा रोड से बडनवा की तरफ जा रही रोड से रमजान नगर मदरसे के पास से चल रहे रास्ते जहां कंकरी (भूरड) डाली हुई है तथा मौके पर रास्ता चल रहा है, जो खसरा संख्या 393/8मे पूर्व मे धारा 251 के तहत राज्य सरकार के नाम दर्ज है जिसकी किस्म बा.सो दर्ज है, खसरा संख्या 377/7 जो की राज्य सरकार के नाम दर्ज है जिसमे मौके पर मुरड डाली हुई है । तथा पानी की टंकी भी तनी हुई है जो की खसरा संख्या 377/7 मे ही बनी हुई है। खसरा संख्या 5, मे से 1.04 बीघा व खसरा संख्या 20 मे से 5 विस्वा जमीन रास्ते [illegible] है। मौका फर्द मौके पर बनाई गई जिस पर हल्का पटवारी, सरपंच खन[illegible] अंकित है व वलि खां, अहमद खां के अगुष्ठ के निशान अंकित है प्रार्थी [illegible] राज्य जरिये तहसीलदार पचपदरा के निवेदन पर बहस सुनी गई ।

26.5.2023

उप खण्ड अधिकारी
(S.D.O.) बालोतरा

लगातार...........

Signature Not Verified
Digitally signed by Vivek Vyas
Date: 2023.05.31 21:30:00 IST
Reason: SelfAttested

पत्रावली का अवलोकन किया बाद अवलोकन एवं समूची स्थिति पर विवेचन किया गया। बहस पर मनन किया गया जिसमे पाया कि उक्त प्रकरण राज्य सरकार के आदेश कमांक प3(2)राज–6/2003/पार्ट/04 जयपुर दिनांक 10.8.2016 के द्वारा राजकीय भूमि/खातेदारी भूमि मे वर्तमान मे चल रहे, बारहमासी रास्ते/ ग्रेवल सडक/ डामर सडक जो राजस्व रेकर्ड मे` रास्ते सडक के रूप मे अभिलिखित नही है, मौके पर पुराने समय से रास्ता चालू हालत मे मौजूद है तथा आम जन इस रास्ते को आवागमन के उपयोग/उपभोग मे ले रहे है, जो आम जन से सम्बन्ध है। अतः प्रार्थी का प्रार्थना को स्वीकार करना न्यायोचित प्रतीत होता है ।

उपरोक्त विवेचनानुसार प्रार्थना पत्र स्वीकार कर तहसीलदार पचपदरा को ग्राम **रमजान नगर व खनौडा, पटवार हल्का खनौडा, भू.अ.निरीक्षक बडनावा** के खसरा संख्या 5, मे से 1.04 बीघा व खसरा संख्या 20 मे से 5 विस्वा भूमि में एक ग्रेवल सड़क /डामर सड़क /बारहमासी रास्ता **ग्राम रमजानियो की ढाणी से तेजू खां की ढाणी सरहद तक चल रहे को** तहसीलदार पचपदरा के पत्र कंमाक/ भू.अ/ 2023/ 1597 दिनांक 25.5.2023 के संलग्न मौका फर्द दिनांक 20.3.2023 व ट्रेस नक्शा अनुसार रास्ता राजस्व रेकर्ड में अंकन करने का आदेश दिये जाते है। उक्त रास्ते का रकबा पूर्ववत अनुसार संबंधित खातेदारान के नाम खाते मे ही दर्ज रहेगा। तहसीलदार पचपदरा के पत्र कंमाक/ भू.अ/ 2023/ 1597 दिनांक 25.5.2023 के संलग्न मौका फर्द दिनांक 20.3.2023 व ट्रेस नक्शा निर्णय का अभिन्न भाग रहेगा ।

(हस्ताक्षर)

Signature Not Verified

Digitally signed by Vivek Vyas
Date: 2023.05.31 21:30:00 IST
Reason: SelfAttested

आदेश आज दिनांक 26.05.2023 को लिखाया जाकर खुले न्यायालय में सुनाया गया ।

(हस्ताक्षर)
26.5.2023

भू-अभिलेख अधिकारी,
(एस.डी.ओ.) बालोतरा